दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 04 जून 2024

www.nyaysakshi.com



# आज सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम से शुरू होगी मतगणना

## जिले की चारों विधानसभाओं के मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाए गए, पोस्टल बैलेट के लिए लगेगें 10 टेबल

- **4 जून को मतगणना, रिटर्निंग ऑफिसर कार्तिकेया गोयल ने एसपी दिव्यांग पटेल और मतगणना प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह की उपस्थिति में मतगणना के संबंध में किया मॉक ड्रिल**
- **विधानसभावार मतगणना स्थल में मशीन आवागमन रूट, पेयजल, मॉनिटिरिंग कक्ष, मीडिया सेन्टर, पार्किंग व्यवस्था पहुंचे देखने, सभी तैयारिया पूर्ण**
- **कलेक्टर गोयल ने गर्मी को देखते हुए पर्याप्त कूलर लगाने व पेयजल तथा ओआरएस की व्यवस्था के दिए निर्देश**





**रायगढ़**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए 4 जून को रायगढ़ जिले की विधानसभाओं की मतगणना केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ में होगी। जिसका आज मतगणना से एक दिन पूर्व मतगणना केंद्र का मतगणना प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह, कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने मॉक ड्रिल किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम भी साथ उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परिसर में मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व गणन अभिकर्ताओं के प्रवेश के लिए निर्धारित मार्गो की सुरक्षा जांच व बेरीकेडिंग सहित जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना स्थल तक पहुंचने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ईवीएम की निगरानी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पोस्टल बैलेट के मतगणना के लिए बनाए गए कक्ष में प्रवेश हेतु अलग से निर्धारित मार्ग का निरीक्षण करते हुए टेबल एवं बैठक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। चारों विधानसभाओं के लिए होने वाले टेबुलेशन कक्ष भी पहुंचे एवं इंटरनेट, कंप्यूटरए प्रिंटर जैसे सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपना स्थान ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया। स्ट्रॉन्ग रूम से काउंटिंग रूम तक ईवीएम की आवाजाही के लिए समुचित संख्या में लोगों की ड्यूटी लगाने और सभी के प्रवेश पास जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम से काउंटिंग हाल तक सीसीटीवी से पूरा कवरेज होना है। मतगणना प्रेक्षक डॉ.सिंह एवं कलेक्टर गोयल ने मीडिया सेन्टर में पत्रकारों की बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

वर्तमान में गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर गोयल ने सभी मतगणना कक्ष में पर्याप्त संख्या में विंडो कूलर लगाने, साथ ही पीने के पानी और ओआरएस, शरबत इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने शौचालय की साफ -सफाई हेतु निगम एवं पानी की लगातार आपूर्ति के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मैन पावर लगाने के निर्देश आयुक्त नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई हैं। जहां जरूरी दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी नायक, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, तहसीलदार लोमस मिरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**4 जून को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम से गणना होगी शुरू-** रायगढ़ के चारों विधानसभा लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ की मतगणना केआईटी, गढ़उमरिया में होगी। प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती एवं प्रात: 8.30 बजे से ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। सभी चारों विधानसभा में ईवीएम की काउंटिंग के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। इसी प्रकार पूरे संसदीय क्षेत्र के डाक मत पत्रों, ईटीपीबीएस गणना हेतु केआईटी में अलग कक्ष में 10 टेबल की व्यवस्था की गई है।

**तीन लेयर में होगी सुरक्षा व्यवस्था, ये वस्तुएं का लाना होगा वर्जित-** मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयर में होगी। केआईटी भवन के 100 मीटर के दायरे में कोई वाहन आने की अनुमति नहीं होगी। बाहरी लेयर की सुरक्षा जिला पुलिस के हवाले रहेगी। मतगणना कक्ष के ठीक बाहर और मध्यवर्ती प्रवेश द्वार की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय पुलिस बलों की जिम्मेदारी होगी। मतगणना कक्ष में केवल प्रवेश पासधारी अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। मतगणना कक्ष में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, माचिस, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट लाना सख्त वर्जित रहेगा। कलेक्टर गोयल द्वारा आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु पुलिस और केंद्रीय बलों को निर्देशित किया गया है।

**केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ में ईवीएम मतगणना के दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण-** कलेक्टर गोयल ने आज पीएम केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ में ईवीएम मतगणना के दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी से बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा ताकि मतगणना का कार्य आसान हो जाए। उन्होंने सभी को टीम के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और किसी प्रकार के डाउट होने पर तत्काल पूछने को कहा। इसी प्रकार मतगणना स्थल में किसी प्रकार की शंका या समस्या पर तत्काल एआरओ को सूचित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ईवीएम से मतगणना हेतु पीएम केंद्रीय विद्यालय में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

**मतगणना प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में मतगणना दलों का किया गया सेकेण्ड रेण्डमाइजेशन-** मतगणना प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह एवं कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति ने मतगणना से एक दिन पूर्व आज एनआईसी कक्ष में मतगणना दलों का सेकेण्ड रेण्डमाइजेशन कर दल का गठन किया गया। जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक माइक्रो आब्जर्वर शामिल रहे। इस दौरान पोस्टल बैलेट से मतगणना हेतु 10 टेबल एवं ईवीएम से मतगणना के 14 टेबल हेतु सेकेण्ड रेण्डमाइजेशन कर दल गठन किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमति ऋतु हेमनानी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रवीण तिवारी, के.के.स्वर्णकार, डीआईओ सौरभ कुमार, अनुपेंद्र पटेल एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलासपुर में सवारी ले जा रही पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन बच्चों सहित 25 घायल

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर जिले सवारियों से भरी पिकअप हादसे का शिकार हो गई। रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चो सहित कुल 25 लोग घायल हो गए। घायलों में 9 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 30 लोग सवार होकर मरही माता दर्शन करने जा रहे थे। रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलगहना के बीच ग्राम रानी बछली मोड़ के तरफ से आ रही ट्रक सीजी 15 छड्ड्घ 8312 से टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब गाड़ी मे सवार सभी लोग घायल हो गये जिसे तत्कालिक इलाज के लिए रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाया गया वहीं कुछ घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण कुछ लोगों को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले बताया जा रहा हैं फिलहाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

### कोयले से लदी ट्रेलर पलटने से युवक की मौत

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोयला लोड ट्रेलर पलट गया, जिसके नीचे दबकर ड्राइवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस वक्त ड्राइवर अपनी जान बचाने के लिए कूदा, उसी दौरान गाड़ी पलटी है। पूरा मामला बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम जवाली का है। मिली जानकारी के मुताबिक कोयला लोड ट्रेलर गेवरा दीपका से बिलासपुर जाने के लिए निकला था, लेकिन रात में जवाली गांव के खोलार पुल के पास ट्रेलर सडक़ किनारे लगाकर सो गया। सुबह उठने के बाद ट्रेलर को आगे बढऩे लगा, लेकिन ट्रेलर पीछे लुढक़ने लगा। ब्रेक भी नहीं लगा।

## 29 जुलाई से 03 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**रायगढ़**

माननीय उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत आयोजित होना प्रस्तावित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित ऐसे मामले जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित हैं, जिन्हें राजीनामा के माध्यम से विशेष लोक अदालत में निराकृत कराये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है।

माननीय अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत के संबंध में आम नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु पैरालीगल वालिंटियर्स तथा थाना के सहयोग एवं समन्वय से सार्वजनिक स्थल में सहज दृश्य भाग पर पाम्प्लेट्स एवं बैनर लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

विशेष लोक अदालत में रायगढ़ जिलान्तर्गत चिन्हांकित 05 प्रकरणों में उभय पक्षकारों को संबंधित थाना एवं मचकुरी तथा पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से नोटिस की तामीली का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य से भिन्न राज्यों में निवासरत पक्षकारों को संबंधित राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नोटिस तामिली कराई जा रही है, जिसमें पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनका विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय परिसर रायगढ में वर्चुअल/फिजिकल प्रीसिटिंग 1 जून को किया जाना निर्धारित किया गया है। प्रीसिटिंग किये जाने हेतु प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ एवं वरिष्ठतम न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ को नामित किया गया है।

## विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़ कर निभाई हिस्सेदारी, 90 फीसदी ने डाले वोट

**रायगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों अर्थात स्वीप कार्यक्रम का एक अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली परिणाम जिला-रायगढ़ में दृष्टिगोचर हुआ है। इस जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ तथा लैलूंगा में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के मतदाताओं ने मतदान कार्यवाही में बढ़-चढ़कर भागीदारी प्रदर्शित की है जिसके परिणाम स्वरूप इस जनजाति के मतदाताओं के बहुलता वाले मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत मतदान की स्थिति दृष्टिगोचर हुई है, जो कि संपूर्ण राज्य में मतदान प्रतिशत के अनुसार एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ के 17 मतदान केन्द्र बिरहोर जनजाति के मतदाताओं की बहुलता वाले हैं जिनमें कुल पंजीकृत 480 मतदाताओं में से 430 मतदाताओं ने मतदान प्रकिया में अपनी सहभागिता प्रदर्शित की है। इस विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 175-कोटरीमाल, 63-रायमेर में शत-प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान कार्यवाही में भाग लेकर इतिहास रचा है। वहीं विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा के 09 मतदान केन्द्र बिरहोर जनजाति की बहुलता वाले हैं जिनमें कुल पंजीकृत 182 मतदाता में से 155 मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में भागीदारी की है। इस विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान केन्द्र क्रमांक 108-झगरपुर, 137-हिंझर में शत-प्रतिशत मतदान की स्थिति देखने को प्राप्त हुई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किये गये विशेष प्रयासों तथा उत्कृष्ट रणनीति के फलस्वरूप जिला रायगढ़ इस मुकाम को प्राप्त करने में सक्षम हो पाया है। गोयल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक अंशज सिंह की उपस्थिति में उनके साथ बिरहोर बहुल बसाहटों का दौरा किया तथा मतदाताओं के बीच उनकी स्वयं की बोली तथा भाषा में मतदान कार्य के महत्व को प्रसारित किया।

यही नहीं कलेक्टर गोयल के नेतृत्व में जिला निर्वाचन के टीम द्वारा बिरहोर बहुल बसाहटों में मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर दी जाने वाली सुविधाओं की उपलब्धता की दिशा में पूरजोर प्रयास किया जिसके परिणाम स्वरूप उक्त उत्कृष्ट मतदान प्रतिशत की उपलब्धि जिले को प्राप्त हो सकी।

## यूथ एवं इको क्लब मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़**



जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिला एवं सारंगढ़ जिले के चयनित 40-40 मास्टर ट्रेनर्स जो जिले में यूथ एवं इको क्लब से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन, निरीक्षण एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु उत्तरदाई है का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रायगढ़ की शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल के सभा कक्ष में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए यूथ एवं क्लब के जिला नोडल अधिकारी एवं एपीसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में यूथ एवं युवा क्लब विद्यालय की एक अनिवार्य गतिविधि हो गई है। उन्होंने कहा की वर्तमान में हम जिस भीषण गर्मी से गुजर रहे हैं उसके प्रति चिंतन करना चाहिए और समाज एवं देश के भविष्य छोटे बच्चों को प्रारंभ से ही पौधों एवं उनके रोपण तथा संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनके महत्व को बताना चाहिए। उन्होंने कहा सभी मास्टर ट्रेनर्स को अपने-अपने जिले के विभिन्न विकास खंडों में जाकर राज्य शासन के निर्देशिका के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करते हुए पोषण वाटिका एवं जल संरक्षण के विभिन्न गतिविधियों को वर्षभर संचालित करने पर होगा। प्रथम सत्र में एस आर जी गौरी पटेल एवं बेला चौहान द्वारा जल के महत्व एवं उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को कैसे जोड़ा जा सकता है तथा उस पर कैसे कार्य करना है के संबंध में बताया गया। द्वितीय सत्र के प्रारंभ में जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि यूथ एवं इको क्लब के विभिन्न गतिविधियों को विद्यार्थियों में बांटकर इसकी एक विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए वर्ष भर इस पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। ए पी सी भुवनेश्वर पटेल एवं एपीसी भूपेंद्र पटेल द्वारा यूथ एवं इको क्लब के महत्व एवं सतत इसका संरक्षण हम कैसे करें, इस पर बल दिया और कहा कि यह सिर्फ शासकीय आयोजन न रहकर मानव जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक गतिविधि है अत: हमें पूरे निष्ठा एवं गंभीरता से वर्ष भर इस पर कार्य करना चाहिए तथा इसकी शुरुआत इसके संस्कार की शुरुआत बच्चों से ही करनी पड़ेगी। ताकि वे भविष्य में राष्ट्र के एक सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बन सके तथा इस क्लब के महत्व को चरितार्थ कर सके।

द्वितीय सत्र में एस आर जी खगेश साहू एवं नारायण साहू ने पोषण वाटिका को कैसे हम विकसित कर उनका संरक्षण कर सकते हैं तथा कम से कम जगह पर उन्नत पौधों को लगा सकते हैं तथा उसे पोषण एवं शुद्ध वायु कैसे प्राप्त कर सकते हैं इस विषय पर प्रकाश डाला तथा निर्देशिका के विभिन्न बिंदुओं को बड़े ही सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। इस प्रशिक्षण में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से आए हुए 40 मास्टर ट्रेनर तथा रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड से आए हुए 40 मास्टर ट्रेनर्स ने पूरी गंभीरता के साथ इस प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं को नोट किया तथा सभी ने यह शपथ ली कि वे अपने कार्य क्षेत्र में जाकर पूरे निष्ठा के साथ इस क्लब के उद्देश्यों को पूरा करेंगे। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार समाज में इस विषय पर जागरूकता लाने हेतु अलग-अलग साप्ताहिक गतिविधियों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने पालन करने के निर्देश जिला मिशन समन्वयक ने दिया तथा इसके उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय स्तर पर क्लब के गठन के महत्व को समझाते हुए बच्चों को भी जागरूक करने को कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम फाउंडेशन से आए हुए प्रतिनिधि ने भी बदलते हुए पर्यावरण एवं उसके दुष्प्रभाव विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा इस पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से जो कि अपने विकास करो में जाकर इस क्लब के उद्देश्यों का ज्ञान करेंगे से प्रशिक्षण के फीडबैक लेते हुए उनके सुझावों पर भी जिले में कार्य करने पर दिया गया।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला की आत्महत्या, मृतिका का पति गिरफ्तार

- **कापू पुलिस ने आरोपित को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़**

दिनांक 01/06/2024 को थाना कापू में ग्राम पखनाकोट ढूढबहार में रहने वाले परमेश्वर मिंज (उम्र 75 वर्ष) आकर उसकी बेटी हीरो मिंज पति बैसाखू लकडा उम्र 45 वर्ष साकिन चितामाडा थाना कापू के आकस्मिक मौत पर मर्ग इंटिमेशन रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि हिरो मिंज और बैसाखु लकडा ग्राम चितामाडा के साथ करीब प्रेम संबंध था, दोनों पति पत्नी के रूप में रह रहे थे, दोनों का संतान नहीं है। दिनांक 01-06-2024 को सुबह बेटी और दामाद बैसाखू ग्राम पखनाकोट ढुढबहार आये थे। दोनों घर में खाना-पीना किये और हीरो मिंज का संतान नहीं होने की बात को लेकर आपस में लडाई- झगडा हुये। हीरो मिंज घर से शौंच के लिए अकेली गई और थोड़ी देर बाद आकर घर के आंगन में खाट में सो गई जिसकी तबियत बिगड़ने पर कापू अस्पताल ईलाज कराने के लिये ले जा रहे थे कि सुबह करीब 11.30 बजे हीरो मिंज की मौत हो गई, रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 40/2024 धारा 174 जा.फौ. कायम कर मृतिका के वारिसान, गवाहों से पूछताछ कर जांच किया गया जिसमें हीरो मिंज को आरोपित बैसाखू लकडा द्वारा संतान नहीं होने से प्रताड़ित करने पर हीरो मिंज द्वारा कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। थाना कापू में मर्ग जांच पर आरोपित बैसाखू लकडा पिता सालिक राम लकड़ा 50 साल निवासी ग्राम चितामाडा थाना कापू के विरूद्ध अप.क्र. 70/2024 धारा 306 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आज आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## चक्रधरनगर पुलिस ने मोटर सायकल पर अवैध बिक्री के लिए शराब परिवहन कर रहे दो युवकों को पकड़ा

- **आरोपियों से मोटर सायकल, 12 बीयर बॉटल और 1 अंग्रेजी शराब की बॉटल जब्त**

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में दिनांक 02/06/2024 के शाम थाना चक्रधरनगर की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना पर मोटर सायकल हीरो एक्सट्रीम पर अवैध बिक्री के लिए अंग्रेजी शराब/बीयर ले जाते हुए जमुनाइंन चौक के पास पकड़ा है। कल शाम थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबीर से सूचना मिली कि एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री के लिए केलो पुल की तरफ लेकर जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन के हमराह स्टाफ कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा जमुनाईन चौक पर नाकेबंदी कर एक मोटर सायकल हीरो एक्सट्रीम में दो व्यक्तियों को कार्टून में शराब लेकर जाते पकड़े। पूछताछ पर बाइक चला रहे युवक ने अपना नाम- नीरज कुमार साहा पिता विनोद प्रसाद साहा उम्र 25 वर्ष साकिन रियापारा थाना कोतवाली रायगढ तथा पीछे बैठा युवक अपना नाम- कृष्णा बूढा पिता सुरेद्र बुढा उम्र 23 वर्ष साकिन स्काईलांज हाटल जूटमिल थाना जूटमिल का रहने वाला बताया जिनके पास रखे कार्टून में 12 नग बडवाईजर कंपनी का बीयर और 01 सिग्नेचर कंपनी का अंग्रेजी शराब की बॉटल मिली। आरोपियों द्वारा अवैध बिक्री के लिए शराब ले जाना पाये जाने पर अवैध शराब जुमला शराब 8.50 लीटर कुल किमती रु.4,080 एवं मोटर सायकल सीजी 17 ए.एल. 0646 की जप्ती कर आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक अभय यादव और चन्द्र कुमार बंजारे शामिल थे।

## ग्राम खुरूसलेंगा में 200 लीटर डीजल जब्त, आरोपी पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पुलिस ने की कार्यवाई

- **डीजल के अवैध भंडारण और विक्रय पर तमनार पुलिस ने की कार्रवाई**

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल/डीजल का खतरनाक तरीके से संग्रहण कर अवैध बिक्री पर निगाह रखकर कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं, निर्देशों के तारतम्य में कल शाम थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर के नेतृत्व में मुखबीर सूचना पर तमनार पुलिस की टीम द्वारा ग्राम खुरूसलेंगा में पंचम राठिया के घर कार्रवाई के लिए दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि पंचम राठिया अपने घर में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ डीजल का भण्डारण कर बिक्री करता है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गवाहों के साथ पंचम राठिया के घर चेक किया गया जिसमें घर की परछी में कई प्रकार के प्लास्टिक ब्लाडर, जरीकेन एवं पानी बाटल में करीबन 200 लीटर अवैध ज्वलनशील पदार्थ डीजल को भण्डारण कर रखना पाया गया। पुलिस ने डीजल बिक्री के संबंध में पंचम राठिया को कागजात पेश करने नोटिस देकर आरोपी पंचम राठिया पिता त्रिनाथ राठिया उम्र 39 वर्ष सा. खुरूसलेंगा थाना तमनार से 200 लीटर डीजल (कीमती 18,400 रूपये) एवं 01 सफेद भूरा रंग का चाडी की जप्त कर आरोपी पर थाना तमनार में अप.क्र. 148/2024 धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा 285 आईपीसी के तहत कार्रवाई किया गया है। रेड कार्रवाई में थाना तमनार के प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक भीष्मदेव सागर और अनुप मिंज शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480